हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 31 अगस्त 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 थाईपिंग अमरूद की खेती से किसान कमा रहे...



07 सभी समाजों के प्रमुखों के साथ मनाया स्नेह व सम्मान का पर्व, 60 परिवारों...



समाचार संक्षेप

नगर सहित जिले भर में भुजरिया पर्व पारंपरिक रूप से मनाया



राघोगढ़। रक्षाबंधन के दूसरे दिन नगर सहित जिले भर में भुजरिया पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। शाम को जगह-जगह भुजरिया मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसके पहले भुजरिया तालाब वहां अन्य जल स्त्रोतों पर महिलाओं ने पहुंचकर भुजरियों का पूजन किया और उन्हें धोया इसके बाद मंदिरों में भगवान से भुजरिया मिलने के बाद भुजरिया मिलन का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा रक्षाबंधन से पहले घरों में गेहूं बोय जाते हैं जिन्हें रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन धोकर भुजरिया पर्व मनाया जाता है यह क्षेत्र के भाईचारे प्रेम और एकता का भी प्रतीक होता है इस दिन कहीं लोग पुराने गले शिकवे बुलाकर नए जीवन का संकल्प लेते हैं । पर्व पर बच्चों से लेकर बड़ों तक उत्साह रहा छोटो ने बड़ों के पैर छुए कर तो बड़ों ने एक दूसरे को गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दी । बच्चों को बढ़ाने उपहार भी मिले नगर में जगह-जगह गुजरिया मिलन समारोह आयोजित किए गए हैं जहां देर रात तक प्रतिनिधियों आम जनों ने एक दूसरे से भुजरिया बदलकर सुख समृद्धि और भाईचारे की कामना की। पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने नगर की प्रगति मानव सेवा संस्थानों में भुजरिया मिलन समारोह आयोजित किया गया।

अपहृता को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया

गुना । फतेहगढ़ पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका के अपहरण के गंभीर प्रकरण में सक्रिय एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपहृता को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23 मई 2026 की सुबह फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के लापता होने पर उसी दिन उसके पिता द्वारा फतेहगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों, सक्रिय मुखबिर तंत्र एवं संभावित स्थानों पर की जा रही तलाश के परिणामस्वरूप विगत बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए गए तथा मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त होने पर फतेहगढ़ थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी दीपक पुत्र पूरन सिंह कुशवाह निवासी ग्राम गौरा, थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ।

सोयाबीन फसल में कीट एवं रोग नियंत्रण के उपाय

गुना। पीला मोज़ेक/सोयाबीन मोज़ेक रोग के लक्षण दिखने पर प्रारंभिक अवस्था में ही रोगग्रस्त पौधों को खेत से उखाड़कर निष्कासित करें तथा इन रोगों को फैलाने वाले वाहक सफ़ेद मक्खी/एफिड की रोकथाम हेतु थायोमेथोक्सम + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन (125मिली/हे) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली/हे) या एसिटेमीप्रीन 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) का छिड़काव करें। इनके छिड़काव से तना मक्खी का भी नियंत्रण किया जा सकता है। यह भी सलाह है कि सफ़ेद मक्खी के नियंत्रण हेतु कृषकगण अपने खेत में विभिन्न स्थानों पर पीला स्टिकी ट्रैप लगाएं।बिहार हेयरी कैटरपिलर एवं टस्क मोथ का प्रकोप होने पर झुण्ड में रहने वाली इन इल्लियों को प्रारंभिक अवस्था में ही पौधे सहित खेत से निष्कासित करें एवं फसल पर फ्लूबेंडियामाइड का छिड़काव करें।

सरकारी मंच बना सियासी अखाड़ा, चाचौड़ा में विधायक और महामंत्री आमने-सामने

चाचौड़ा विधायक मीणा ने पार्टी महामंत्री पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



पोस्टर से सिंधिया-नागर का फोटो गायब

जिले में भारतीय जनता पार्टी का अंदरूनी सियासी घमासान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। विधायक प्रियंका मीणा और संगठन पदाधिकारियों के बीच चल रही खींचतान एक बार फिर सार्वजनिक मंचों पर खुलकर सामने आ गई है। इससे पहले गुना में आयोजित रविदास समरसता कार्यक्रम में जगह न मिलने पर मंच से ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं को खरी-खोटी सुनाने वाली विधायक प्रियंका मीणा अब अपनी ही पार्टी के नेताओं से सीधी अदावत में उलझ गई हैं। बीते रोज मधुसूदनगढ़ मंडी परिसर में कलेक्टर किशोर कन्याल और एसपी हितिका वासल की उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर के दौरान मंच से बोलते हुए चाचौड़ा विधायक प्रियंका मीणा ने बिना किसी का नाम लिए पार्टी के जिला महामंत्री रुद्रदेव सिंह को असामाजिक तत्व तक कह डाला। विधायक का आरोप था कि कुछ असामाजिक तत्व यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि बस स्टैंड की नई जमीन को रिश्तेदारों के फायदे के लिए तय किया जा रहा है।

अपनी ही विधायक के इस बयान के सामने आते ही पार्टी के जिला महामंत्री एवं मधुसूदनगढ़ राजघराने से ताल्लुक रखने वाले रुद्रदेव सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो बयान जारी कर तीखा पलटवार किया। उन्होंने विधायक के आरोपों को खारिज करते हुए उन पर पांच सीधे सवाल दाग दिए। रुद्रदेव सिंह ने स्पष्ट कहा कि वे मधुसूदनगढ़ बस स्टैंड का मुद्दा वर्ष 2021 से उठा रहे हैं, जब प्रियंका मीणा विधायक तो दूर, भारतीय जनता पार्टी की सदस्य भी नहीं थीं। उन्होंने विधायक को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि यदि प्रस्तावित बस स्टैंड के आसपास उनकी या उनके किसी रिश्तेदार की जमीन निकलती है, तो वे तत्काल राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

महामंत्री ने आगे विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गौशाला के लिए जानबूझकर दुर्गम पहाड़ी जमीन दी गई है और मंडी में गरीब तुलावटियों को हटाकर अपने चहेतों को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि वे जल्द ही स्वयं विधायक कार्यालय पहुंचकर जनहित के लंबित मामलों पर सीधी चर्चा करेंगे।


इसी बीच इस शासकीय कार्यक्रम का विवाद तब और गहरा गया, जब मंच पर लगे मुख्य बैनर से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर की तस्वीरें नदारद दिखीं। सिंधिया खेमे के माने जाने वाले संगठन पदाधिकारियों ने पोस्टर से दिग्गजों के फोटो गायब रहने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। इधर, पूरे मामले में किरकिरी होने के बाद विधायक प्रियंका मीणा ने सफाई दी है कि उन्होंने अपने भाषण में किसी विशेष व्यक्ति का नाम नहीं लिया था। शहर के बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए विकास कार्यों को मुख्य क्षेत्र से बाहर ले जाना आवश्यक है। बहरहाल, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुए इस वाकये ने चाचौड़ा भाजपा की आपसी गुटबाजी और कलह को सडक़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।

इनका कहना है...

यदि जनहित के मुद्दे उठाना और जनता की आवाज बनना आपको असामाजिक लोगों की श्रेणी में आता है, तो मुझे ऐसे आरोपों से कोई आपत्ति नहीं है। मैं जनता के हित में अपनी आवाज़ उठाता रहूँगा। जहाँ तक मधुसूदनगढ़ के बस स्टैंड का सवाल है, मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूँ, यदि चिन्हित स्थान पर मेरी निजी जमीन निकलती है, तो मैं राजनीति छोड़ने तक को तैयार हूं।
रूद्रदेव सिंह, जिला महामंत्री भाजपा

कलेक्ट्रेट भवन की बदहाली, छत का डोम टूटा, टपक रहा पानी और दीवारों पर जमी काई

आगंतुकों के बैठने के लिए रखी गई कुर्सियों के आसपास भी फिसलन और गंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय पर जहां आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, उसी कलेक्ट्रेट भवन की स्थिति खुद प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो गई है। भवन के बीच में धूप और पानी से बचाव के लिए लगाया गया पारदर्शी डोम पूरी तरह से नष्ट हो चुका है, जिससे सीधे परिसर के भीतर बारिश का पानी भर रहा है।

कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण के समय बीच के खुले हिस्से पर फाइबर का डोम लगाया गया था, ताकि इमारत में रोशनी बनी रहे और बारिश का पानी अंदर न आए। हालांकि, उचित रखरखाव न होने और मौसम के प्रभाव से यह डोम धीरे-धीरे टूटकर गायब हो गया। अब बारिश का पानी सीधे कलेक्ट्रेट के गलियारों और दीवारों से होकर बह रहा है।

लगातार टपकते पानी के कारण कलेक्ट्रेट की अंदरूनी दीवारों पर नमी आ गई है और कई हिस्सों में काली काई जम चुकी है। आम जनता और आगंतुकों के बैठने के लिए रखी गई कुर्सियों के आसपास भी फिसलन और गंदगी बनी हुई है। रोजाना प्रशासनिक अधिकारियों का इस ओर से आवागमन होता है, लेकिन इस दुर्दशा की ओर किसी का ध्यान नहीं जाना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। समय रहते यदि इसकी मरम्मत नहीं कराई गई, तो भवन को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है।

गादेर फोरलेन पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

ससुराल आ रहे नवविवाहित युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

खुशियों के त्यौहार का माहौल उस समय अचानक चीख-पुकार और मातम में बदल गया, जब शादी के महज चार महीने बाद अपनी ससुराल आ रहे एक नवविवाहित युवक की सडक़ दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। राजस्थान से गुना के लिए निकले युवक को फोरलेन हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के ससुराल और मायके पक्ष में कोहराम मच गया। रक्षाबंधन और त्यौहार के अवसर पर वह अपनी ससुराल बजरंगगढ़ आने के लिए शनिवार को मोटरसाइकिल से रवाना हुआ था। देर रात लगभग गादेर के समीप नेशनल हाईवे फोरलेन पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय बागरी गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसने स्थल पर ही प्राण त्याग दिए। राहगीरों और गश्ती टीम की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पहचान स्थापित कर परिजनों को घटना की सूचना दी। रविवार सुबह जिला अस्पताल परिसर में मृतक के परिजन और बजरंगगढ़ से आए ससुराल पक्ष के लोग एकत्र हुए। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

चलती ट्रेन में पुणे के रेल यात्री की मौत

झांसी से बांद्रा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे एक 48 वर्षीय व्यक्ति की चलती ट्रेन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बदरवास के समीप स्वास्थ्य बिगडऩे के बाद जब ट्रेन गुना स्टेशन पहुंची, तब तक यात्री की सांसें थम चुकी थीं। आशंका जताई जा रही है कि यात्री की जान अचानक आए साइलेंट अटैक के कारण गई है। मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के पुणे निवासी कपिल आंदले (48) शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अपने परिवार के सदस्यों के साथ झांसी-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे थे। वे झांसी से पुणे लौटने के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान शिवपुरी जिले के बदरवास स्टेशन के आसपास अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। ट्रेन जब देर रात गुना रेलवे स्टेशन पहुंची, तो परिजनों ने कपिल को जगाने का प्रयास किया, लेकिन उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई।

त्यौहार निपटते ही बढ़ी यात्रियों की आफत रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर भारी भीड़

ट्रेनों व बसों में जगह मिलना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



रक्षाबंधन और भुजरियों का पर्व धूमधाम से संपन्न होने के बाद अब लोगों की वापसी का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया है। रविवार को शहर के सभी प्रमुख बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। छुट्टी का अंतिम दिन होने के कारण लोग अपने-अपने कार्यक्षेत्रों की ओर लौटने की होड़ में नजर आए, जिससे परिवहन व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। दरअसल, त्यौहार मनाने के लिए दूर-दराज के शहरों से आए भाई-बहन और रिश्तेदार अब वापस लौटने लगे हैं। सोमवार से दफ्तर, दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने के कारण रविवार सुबह से ही जज्जी बस स्टैंड, आरोन बस स्टैंड सहित अन्य यात्री प्रतीक्षालयों में भारी गहमागहमी रही। बसों में सामान्य दिनों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक भीड़ देखी गई, जिसके चलते महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को ठसाठस भरी बसों में खड़े होकर सफर करने को मजबूर होना पड़ा। यही हाल गुना रेलवे स्टेशन का भी रहा, जहां प्लेटफॉर्म से लेकर ट्रेनों के सामान्य और आरक्षण डिब्बों तक में तिल रखने की जगह नहीं मिली। लंबी दूरी की गाडय़ों में सीट पाने के लिए यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। निजी वाहनों और सार्वजनिक साधनों में अचानक बढ़ी इस भीड़ के कारण शहर के मुख्य मार्गों पर भी आवागमन का दबाव बढ़ गया। यात्रियों की इस अतिरिक्त भीड़ का दबाव अगले एक-दो दिनों तक बने रहने की संभावना है।

पत्थर फेंकने से रोकने पर युवक का फोड़ा सिर पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा

गुना। शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र में देर रात सडक़ पर पत्थर फेंकने से मना करने पर एक सिरफिरे युवक ने राहगीर पर पथराव कर उसका सिर फोड़ दिया। गनीमत रही कि मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। फरियादी राहुल उर्फ अन्नू राठौर (20) ने बताया कि गत देर रात वह दोस्त राज के साथ अस्पताल जा रहा था। कंचन मेडिकेयर के पास एक युवक पत्थर फेंक रहा था। टोकने पर उसने गाली-गलौज करते हुए पत्थर दे मारा, जिससे राहुल का सिर फूट गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी नितिन बाल्मीकि निवासी बूढ़े बालाजी को मौके से दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

नपा के भाजपा पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा, जिलाध्यक्ष को सौंपा शिकायती पत्र

विकास कार्य ठप होने और टेंडर निरस्त करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगरपालिका परिषद गुना में भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों और एल्डरमेनों ने अपनी ही परिषद की कार्यप्रणाली और डिप्टी कलेक्टर सह सीएमओ के रवैये के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा पार्षदों ने जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार को एक विस्तृत पत्र सौंपकर सीएमओ पर विकास कार्य ठप करने, वित्तीय स्वीकृति प्राप्त टेंडर निरस्त करने और आमजन की समस्याएं न सुनने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आगामी चुनावों में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

शहर के सभी 37 वार्डों में हालात बदतर

पार्षदों द्वारा सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि 22 अप्रैल 25 से जब से जिला प्रशासन की डिप्टी कलेक्टर को सीएमओ का प्रभार दिया गया है, तब से शहर के सभी 37 वार्डों में हालात बदतर हो चुके हैं। जुलाई-अगस्त 2025 में परिषद और पीआईसी द्वारा पारित करीब 18 करोड़ रुपये की राशि के 70 विकास कार्यों के टेंडर नियम विरुद्ध तरीके से निरस्त कर दिए गए, जबकि



इसके लिए बजट उपलब्ध था। इसके अलावा नामांतरण की फाइलों पर हस्ताक्षर न होने से 800 से 900 नामांतरण पेंडिंग पड़े हुए हैं, जिससे शहरवासी नपा कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई

शिकायत पत्र में सफाई और प्रकाश व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। पार्षदों का कहना है कि पिछले 15 महीनों से सीएमओ द्वारा वार्डों का निरीक्षण बंद करने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के वार्डों में करीब 1200 से 1400 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, लेकिन लाइट मेंटेनेंस का सामान नहीं खरीदा जा रहा है। स्ट्रीट लाइट फिटिंग के तीन बार टेंडर निरस्त किए गए और चौथी बार दर स्वीकृति के बाद भी कार्य आदेश जारी नहीं किया गया।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि सीएमओ नपा कार्यालय में सप्ताह में एक-दो दिन ही मात्र एक-दो घंटे बैठती हैं और फोन लगाने पर फोन तक नहीं उठाती हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल हो रही है।

पार्षदों ने अपने पत्र में याद दिलाया कि 25 अगस्त 22 से अप्रैल 25 तक के 33 महीनों में भाजपा ने विधानसभा चुनाव 38 हजार, लोकसभा चुनाव 56 हजार मतों के ऐतिहासिक अंतर से जीते थे और दोनों वार्ड उपचुनावों में भी कांग्रेस की जमानत जब्त कराई थी। उस समय तात्कालिक सीएमओ का पूर्ण सहयोग मिलता था और सभी विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहे थे।

हस्ताक्षर कर भेजा शिकायती पत्र

इस शिकायती पत्र की प्रतिलिपि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संभागीय संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खरे को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है। पत्र पर वंदना राठौर, घासीराम अहिरवार, सुनील सोनी, शील वर्मा एल्डरमैन और पार्षद राजू ओझा वार्ड 22, ममता वार्ड 25, विमला गोपाल साहू वार्ड 13, ओमप्रकाश कुशवाह, विनोद कल्याण सिंह लोधा वार्ड 10, अनीता कुशवाह वार्ड 5, बबीता राजेश वार्ड 3, राजकुमारी वार्ड 37, संध्या अशोक सोनी वार्ड 15, कीर्ति सरवैया वार्ड 17 और सुशीला कुशवाह वार्ड 12 सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

श्री मैढ़क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने उत्साह एवं सद्भावना से मनाया भुजरिया पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रेम स्नेह और सद्भावना का प्रतीक भुजरिया मिलन पर्व उत्साह ओर एकता के साथ स्थानीय मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार धर्म शाला नत्थुखेड़ी में समाज के वरिष्ठ संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष चंदमोहन सोनी की अध्यक्षता में मनाया गया। सर्वप्रथम महाराजा अजमीढ़ देवजी के चित्र पर भुजरिया अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पचात सभी ने एक दूसरे को भुजरिया आदान प्रदान कर शुभ कामनाएं दी ओर गले मिलकर एकता ओर सद्भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जगदीश सोनी टोडऱा, संरक्षकगण विजय कुमार सोनी, विनोद सोनी, मानक सोनी, नगर कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, नगर अध्यक्ष आरके सोनी, नगर महामंत्री राघवेंद्र सोनी, रमेश सोनी, कमलेश सोनी, रमेश सोनी आरोन, विनोद सोनी, राजेश सोनी, सुरेश सोनी, उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

फुले निःशुल्क शिक्षा केंद्र का 8वां स्थापना दिवस संपन्न

गुना। शहीद भगतसिंह यादगार मंच के तत्वाधान में भगतसिंह पुस्तकालय में संचालित महात्मा ज्योतिबा फुले-सावित्रीबाई फुले निःशुल्क शिक्षा केंद्र का 8वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रनायकों महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले, अमर शहीद भगतसिंह तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानीद्वय धर्मस्वरूप सक्सेना व राजरानी सक्सेना के चित्रों व स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एनएफएल अधिकारी मुन्नालाल अहिरवार तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विवेक टांटिया, नरेंद्र सोनवार, रामकली सोनवार एवं सीए नितिन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा केंद्र की संचालक मिथिलेश्वरी शिल्पकार ने संस्थान की प्रगति और गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथि वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश महात्मा फुले का 200वां जन्म वर्ष मना रहा है। सन 1848 तक जब समाज के आम लोगों और महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार बंद थे, तब महात्मा फुले और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले ने कुरीतियों के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंककर सभी के लिए ज्ञान के दरवाजे खोले थे। आज पुनः उनके विचारों को अपनाकर समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लेने की आवश्यकता है। समारोह के दौरान मंच प्रस्तुत करने वाले नन्हें-मुन्ने बच्चों को अतिथियों द्वारा रजिस्टर, पेन और मिठाइयों का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मंच संचालन पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र कुमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन रवींद्र प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया।

टीबी रोगियों को मिलेगा संबल, गुना रेडक्रॉस 5 सितंबर को बांटेगा 150 फूड बास्केट

गुना। मध्यप्रदेश शासन के क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन अभियान के तहत जिले में रोगियों को प्रभावी दवाओं के साथ-साथ बेहतर पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल की जा रही है। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण जो मरीज उचित खान-पान से वंचित रह जाते हैं, उन्हें समाज के सहयोग से संबल प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में रेडक्रॉस सोसायटी गुना के अध्यक्ष एवं कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में उपचाररत टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार युक्त फूड बास्केट प्रदान करने की योजना बनाई गई है।
अभियान के तहत आगामी 5 सितंबर को प्रातः 11 बजे रेडक्रॉस भवन गुना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लगभग 150 क्षय रोगियों को अगले 6 माह तक दिए जाने वाले पोषण आहार के अंतर्गत फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा, ताकि उनके स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार हो सके। रेडक्रॉस सोसायटी गुना की प्रबंध समिति के सदस्यों ने जिले के सामाजिक संगठनों, दानदाताओं और समाजसेवियों से निक्षय मित्र बनकर इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाने का आह्वान किया है। समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग आगे आकर मरीजों को गोद लें और उन्हें 6 माह तक न्यूट्रिशन बास्केट उपलब्ध कराने में अपना योगदान दें।

एसडीएम ने किया हाईस्कूल का निरीक्षण

श्योपुर। एसडीएम गगन मीणा ने शनिवार को रायपुरा के शासकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। एसडीएम गगन मीणा द्वारा शासकीय हाइस्कूल रायपुरा में निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा कर अध्ययन-अध्यापन और मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बता दे कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व अधिकारियों द्वारा कलस्टर क्षेत्र के ग्रामों के भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं का आंकलन भी करना है। इसीक्रम में एसडीएम द्वारा हाईस्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

एग्रीकल्चर बेस्ड इंडस्ट्री की अपार संभावनाएं: कलेक्टर

थाईपिंग अमरूद की खेती से किसान कमा रहे 8 से 10 लाख रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मधुसूदनगढ़ क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यहां एग्रीकल्चर बेस्ड इंडस्ट्री विकसित की जा सकती हैं। हमारा उद्देश्य है कि इस क्षेत्र में भी उद्योगों का विकास हो, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। उक्त बात शनिवार को तहसील मधुसूदनगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टर किशोर कन्याल ने अमृतहरित महाअभियान में सहभागिता, निर्माणाधीन नगर परिषद भवन का निरीक्षण तथा उन्नत कृषक के फार्म का भ्रमण में कही। कलेक्टर श्री कन्याल ने ओवरब्रिज के समीप सिंचाई विभाग की भूमि पर आयोजित अमृतहरित महाअभियान कार्यक्रम में सहभागिता कर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्माणाधीन नगर परिषद मधुसूदनगढ़ भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भवन का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्धारित समय-सीमा से पहले कार्य पूर्ण हो जाए तो यह और भी अच्छा उदाहरण होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कहा कि किसी भी कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि यही होती है कि उसे गुणवत्ता के साथ समय से पहले पूरा किया जाए।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने उन्नत कृषक श्री गिरराज अग्रवाल के फार्म पर पहुंचकर थाईपिंग अमरूद के बगीचे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसान से अमरूद की उन्नत खेती और उससे होने वाली आय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि थाईपिंग अमरूद की खेती से कई किसान 8 से 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं। जिले में हॉर्टीकल्चर के प्रति किसानों का काफी अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। खेती के पैटर्न में थोड़ा परिवर्तन कर किसान परंपरागत खेती के साथ उद्यानिकी एवं सब्जी उत्पादन से भी अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। कुछ किसान केवल सब्जी उत्पादन से ही लगभग 05 लाख रुपये वार्षिक तक का लाभ अर्जित कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि इस प्रकार की फसलों की विशेषता यह है कि इनके पौधे अपेक्षाकृत कम समय में विकसित हो जाते हैं।

खोया हुआ विश्वास आचरण एवं व्यवहार से लौटता है मुनि-श्रमण सागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य, इस सदी के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य महान तपस्वी बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में खोया विश्वास कैसे लौटे इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा प्रेम, श्रद्धा, वैराग्य, विश्वास, भक्ति, समर्पण, यह शब्द बोलने में बहुत छोटे हैं। मगर यह शब्द जबरदस्त है इन कार्यों में जबरदस्ती नहीं हो सकती। हम चाहें भी तो पैसों से विश्वास वापस नहीं प्राप्त कर सकते। हमारे व्यवहार आचरण एवं युक्ति से हम खोये हुए विश्वास को प्राप्त कर सकते हैं। आपने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रवचन के अंश का उल्लेख करते हुए कहा क्रोध पर नियंत्रण रखो नहीं तो जिंदगी भर क्रोध के नियंत्रण में रहना पड़ेगा। वर्तमान समय की ज्वलंत समस्या का उल्लेख करते हुए आपने कहा ससुराल में बहू छोटी-मोटी बात पर क्रोधित होकर गलत कदम उठा लेती है।

आधुनिक उद्यानिकी का मॉडल बन रहा गुना, ड्रिप-मल्चिंग से सब्जी उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त श्री के. सी. गुप्ता ने शनिवार को गुना जिले का भ्रमण कर आधुनिक उद्यानिकी गतिविधियों एवं विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उन्नत तकनीक, उत्पादन, विपणन तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।भ्रमण की शुरुआत श्री नर्मदा शंकर भार्गव के फार्म से हुई। यहां उन्होंने पॉलीहाउस में की जा रही गुलाब की खेती, शेडनेट हाउस में सब्जी उत्पादन तथा अमरूद के बगीचे का निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक संरक्षित खेती के माध्यम से किए जा रहे उत्पादन की जानकारी ली।इसके बाद ग्राम तरावटा में किसान श्री बलवीर कुशवाह के खेत पर ड्रिप एवं मल्चिंग तकनीक से की जा रही टमाटर एवं गोभी की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से खेती की लागत, उत्पादन एवं तकनीक से होने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की।भ्रमण के अगले चरण में ग्राम मंगवार में जलज अग्रवाल की पीएमएफएमई योजना अंतर्गत मसाला प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया गया। इसके बाद ग्राम सौहारामपुरा में डेयरी प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन किया। दोनों इकाइयों में प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली गई।अंत में विकासखंड चाचौड़ा की शासकीय पौधशाला खटकिया का निरीक्षण किया। यहां पौध उत्पादन एवं पौधशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान श्री गुप्ता ने शहतूत का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।


सावन में गूंजी बंजारा संस्कृति की तान: राजस्थान और एमपी के बंजारा समाज का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आधुनिकता की दौड़ और डिजिटल युग के बीच अपनी प्राचीन जड़ों को संजोए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी चुनौती को स्वीकार करते हुए मध्यप्रदेश के गुना जिले में बंजारा समाज ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। सावन के पवित्र महीने में समाज द्वारा बमोरी ब्लॉक के ग्राम चक खड़गपुर में पारंपरिक 'लहंगी' और 'डांडेयर' उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल बंजारा समाज की अटूट एकता का प्रतीक बना, बल्कि इसमें 'जेन जी' (Gen Z) और 'जेन अल्फा' (Gen Alpha) पीढ़ी को अपनी समृद्ध लोक संस्कृति से जोड़े रखने का मजबूत संदेश भी दिया गया।
सावन की फुहारों के बीच आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक संगम में गुना जिले के साथ-साथ राजस्थान के कोटा और मध्यप्रदेश के बीना अंचल से भी बंजारा समाज के सैकड़ों लोग पहुंचे। गाँव का विशाल प्रांगण उस समय प्राचीन लोक चेतना से जीवंत हो उठा, जब समाज के बुजुर्ग, युवा और बच्चे एक साथ पारंपरिक रंग में रंगे नजर आए।
कार्यक्रम के दौरान बंजारा समाज के पुरुष पारंपरिक सफेद पोशाक और सिर पर बहुरंगी साफे (पगड़ी) पहनकर शामिल हुए। लोक धुनों और प्राचीन देसी वाद्य यंत्रों की सुमधुर तान पर जब समाज के लोगों ने घेरा बनाकर 'डांडेयर' (डांडिया) खेलना शुरू किया, तो पूरा वातावरण असीमित ऊर्जा और उत्साह से भर गया। पीढ़ियों से गाए जा रहे लोकगीतों की गूंज ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया।
ग्राम खड़कपुर चक निवासी दयाराम बंजारा ने बताया कि बंजारा संस्कृति में सावन का महीना विशेष महत्व रखता है। 'लहंगी' उत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक पहचान और रीति-रिवाजों को जीवंत रखने का माध्यम है।


70 साल से चली आ रही गल्ला व्यापारियों की संस्था ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर की गल्ला मण्डी के व्यापारियों की संस्था ग्रेन मर्चेन्ट एशोसिएशन के चुनाव रविवार को निर्विरोध सम्पन्न हुए। इस चुनाव में कईं व्यापारियों को फिर से पदाधिकारी बनने का मौका मिला है, यह संस्था 70 साल पुरानी है। अशोकनगर में 1956 में ग्रेन मर्चेन्ट एशोसिएशन का गठन गल्ला व्यापारियों द्वारा किया गया था, तब से यह संस्था लगातार चली आ रही है। हर 2 वर्ष में संस्था के पदाधिकारियों का चुनाव होता है, 134 व्यापारी इस संस्था को चलाते हैं। जुलाई माह में 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद चुनाव आयोजित किए गए थे, लेकिन तत्कालीन समय में अनेक व्यापारी बाहर होने के कारण कोरम के अभाव में यह चुनाव आगामी समय के लिए बढ़ा दिए गए थे। संस्था के विधान के अनुसार रविवार को संस्था के चुनाव निर्वाचन अधिकारी सुगनचंद जैन अथाईखेडा की उपस्थिति में निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक जैन एपी, उपाध्यक्ष पद पर जिनेश कुमार गांधी, सचिव पद पर राजेश कुमार पालीवाल, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार जैन तथा सह सचिव पद पर नितिन जैन और शनि जैन को एवं ऑडिटर के पद पर महेश जैन को निवार्चित घोषित किया गया है। अगले दो वर्ष के लिए चुने गए इन पदाधिकारियों का व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अध्यक्ष पद पर अशोक जैन एपी लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि महासचिव के पद पर राजेश पालीवाल सातवी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर जिनेश गांधी पांचवी बार चुने गए हैं जबकि कोषाध्यक्ष पद पर राकेश जैन को दूसरी बार चुना गया है। यह संस्था व्यापारियों के हित में लगातार सक्रियता से कार्य करती आ रही है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे जिला अध्यक्ष, नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भाजपा प्रदेश कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक का आयोजन रविवार को राम राजा की नगरी ओरछा में किया गया।
इस दौरान अशोक नगर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया कार्य समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे, इनके अलावा कार्य समिति के अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता की। इस दौरान माह के अंतिम रविवार होने के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण का प्रसारण देखा सुना गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादाई विचारों से राष्ट्र सेवा के संकल्प की ऊर्जा सदैव प्रबल होती है। बैठक 31 अगस्त तक चलेगी।

युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने का दिया संदेश

ईसागढ़ में सीएमसीएलडीपी कक्षा का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम सीएमसीएलडीपी की कक्षा का शुभारंभ रविवार को विकासखंड ईसागढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की गतिविधियों तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं समाज में इसकी भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्यामकुमार यादव ने जन अभियान परिषद के साथ अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए नवीन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परिषद के माध्यम से उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्री एवं पुस्तकों का विद्यार्थियों को वितरण भी किया गया।
कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों एवं सभी मेंटर्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं सभी मेंटर्स उपस्थित रहे। वहीं नवांकुर संस्था के सचिव दिनेश कुमार सेन ने प्रवेश लेकर युवाओं को समाजसेवा और सामुदायिक नेतृत्व से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांवों में 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि युवा शिक्षा के साथ-साथ समाज के विकास में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा, नेतृत्व, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का संदेश दिया गया।

4 सितंबर को निकलेगा चल समारोह, दिखेंगी श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं

श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को श्रीकृष्ण संस्थान हॉल में बैठक आयोजित की गई। इसमें 4 सितंबर को श्री युगल सरकार मंदिर में होने वाले जन्म महोत्सव की तैयारियों और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। समिति सदस्यों को आयोजन से जुड़ी अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं बैठक में तय किया गया कि जन्माष्टमी से पहले मंदिर को फूलों और आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सुबह जिला जेल में कार्यक्रम की शुरुआत होगी।
इसके बाद शहर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। शोभा यात्रा युगल सरकार मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख चैक-चैराहों और मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचेगी। चल समारोह में विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण का विमान, ढोल-नगाड़े और बैंड शामिल रहेंगे। झांकियों में कृष्ण की बाल लीलाएं, पूतना वध, वासुदेव जी का कृष्ण को नदी पार कराना और शेषनाग द्वारा कृष्ण पर छाया करने का दृश्य, भगवान कृष्ण-अर्जुन का गीता सार तथा सुदामा की झांकी का चित्रण किया जाएगा। बैठक के बाद समिति सदस्यों ने भजन संध्या कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर युगल सरकार मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में श्री कृष्ण संस्थान के अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष केपी यादव, सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई

श्योपुर। हॉकी के जादूगर माने जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल कौशल से न सिर्फ भारत को हॉकी खेल में जीत दिलाकर सिरमौर बनाया बल्कि खेलों के माध्यम से उन्होंने भारत का नाम अन्य देशों में रोशन किया। उनकी खेल कला कौशल की आज भी चर्चा होती है। वह भारत खेल रत्न थे। यह बात शा. कन्या कॉलेज श्योपुर में शनिवार को खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में कॉलेज की प्रोफेसर डॉ ललिता सिकरवार ने मेजर ध्यान चंद के जीवनव्रत पर प्रकाश डालते हुए कही। शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा के निर्देशन मे हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध व महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद (1905-1979) की जयंती मनाई । ज्ञात हो कि मेजर की जयंती भारत सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के लिए मनाती है।

भारतीय संस्कृति और इतिहास से छेड़छाड़ चिंताजनक

बच्चों में घट रहा आत्मसम्मान मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के एक विशेष सत्र के दौरान मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने वर्तमान में पढ़ाए जा रहे इतिहास पर गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत का वास्तविक और गौरवशाली इतिहास को जनसामान्य के सामने से दबाया, बदला और मिटाया गया है। मुनिश्री ने भारतीय सनातन संस्कृति की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ही वह देश है जिसने पूरे विश्व को गणित, विज्ञान और समृद्ध भाषाएं दी हैं। इतना ही नहीं, विश्व को शुद्ध वस्त्र और शुद्ध खान-पान की जीवनशैली भी भारत ने ही सिखाई है। इसी गौरवशाली संस्कृति से प्रभावित होकर आज पूरा विश्व भारत की ओर आकर्षित हो रहा है।

गलत इतिहास से एमएम आत्म सम्मान को ठेस



उन्होंने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज भारतीय बच्चों को एक विकृत इतिहास पढ़ाया जा रहा है, जिससे वे अपने देश के प्रति आत्मसम्मान खोते जा रहे हैं। बच्चों के मन में यह झूठी बात बैठाई जा रही है कि भारत एक अनपढ़ और अशिक्षित देश था और अंग्रेजों ने यहाँ आकर शिक्षा, गणित, विज्ञान और भाषा की शुरुआत की। इतिहास में की गई गलतियों का उदाहरण देते हुए मुनिश्री जी ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी जो कि आजीवन बाल ब्रह्मचारी थे, उन्हें इतिहास में विवाहित दर्शाया गया है और विवाह के उपरांत उनकी पुत्री आदि का भी गलत उल्लेख मिलता है। इस प्रकार का भ्रमित इतिहास समाज में एक गलत मानसिकता को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस भ्रामक इतिहास का एकमात्र उद्देश्य भारतीय संस्कृति को नीचा दिखाना और विदेशी संस्कृति को श्रेष्ठ साबित करना है। अपनी भाषा, तकनीक और विज्ञान को कमतर समझना हमारी सबसे बड़ी मूर्खता है, जिसके कारण आज विदेशी प्रभाव और विदेशी मुद्रा का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है।

बंदूक लूटकांडः बदमाश को पुलिस ने दबोचा

श्योपुर। गसवानी थाना क्षेत्र के जंगल में दिनदहाडे चरवाहो से बंदूक, कारतूस और मोबाइल लूटकर भागे चार बदमाशो में से पुलिस ने एक बदमाश को दबोच लिया। लेकिन तीन बदमाश फरार हो गए है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस वारदात का खुलासा जंगल सर्चिंग के दौरान मिले संदिग्ध हालत में एक स्कार्पियों गाडी के घूमने संबंधी सुराग के जरिए किया है और एक बदमाश रामअवतार उर्फ छोटू पुत्र धीरज सिंह यादव निवासी उची खरई थाना बैराड जिला शिवपुरी को अरेस्ट करते हुए उसके कब्जे से स्कार्पियो गाडी को जब्त कर लिया है। साथही उसके कब्जे से लूटी गई बंदूक और कारतूस भी बरामद कर लिए है। पकडे गए बदमाश के जरिए पुलिस ने मौके से भागे तीन बदमाशो को भी नामजद कर लिया है। फरार बने तीनों बदमाशों के नाम कृष्णा गुर्जर निवासी पावटा, गोलू यादव निवासी गुनाया, भूरा यादव निवासी बरई ग्वालियर बताया है।

खबर संक्षेप

करंट लगने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पचमउआ निवासी सरवन आदिवासी पुत्र संधू आदिवासी उम्र 35 साल को हरविन्दर सिंह के मकान के सामने डीपी के पास करंट लग गया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम देरखा निवासी विद्या पत्नि श्यामलाल रघुवंशी उम्र 72 साल को घर में सर्प ने डस लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

जुओं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली के अंतग्रत शंकरपुर मगरदा क्षेत्र में कान्हा ढाबा के पीछे आरोन रोड पर ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अरबिंद शर्मा, प्रवीण जैन, रामकुमार यादव, और रामकृष्ण साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और 2050 रूपए बरामद किए है। कोतवाली पुलिस ने ही आरोन रोड पर श्रीजी महल के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सोन ओझा, मोनू साहू, विक्रम कोरी को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 2150 रूपए बरामद किए गए हैं। चंदेरी पुलिस ने फतेहाबाद में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए परमार अहिरवार, सचिन अहिरवार, मुकेश कुशवाह, सोनू अहिरवार, अजय कुशवाह, रमेश अहिरवार, को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 2540 रूपए बरामद किए है।

सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं, शाढ़ौरा पुलिस ने शाढ़ौरा निवासी हेमन्त ओझा की रिपोर्ट पर से कार क्रमांक एमपी 08 सीए 4140 के चालक पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर बाईक में टक्कर मारने का मामला दर्ज किया है। इस घटना में बाईक पर बैठे 3 लोग घायल हो गए। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम कर्रा टांका निवासी महेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जितेन्द्र अहिरवार, निवासी ग्राम अमनचार ने टेक्सी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

आपूर्ति निगम के अध्यक्ष ने अपने अनुभव साझा किए

अशोकनगर। मध्यप्रदेश खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव द्वारा आयोजित भुजरिया मिलन समारोह सादगी और सुखद वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद और निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि अगर आज वह यहां पहुंचे हैं तो इसमें अशोकनगर की मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं अलग हैं इन योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने का काम उनका है लेकिन इन योजनाओं के साथ साथ उनका प्रस्तुतीकरण करना यह मीडिया का काम है जिसे अशोकनगर जिले के पत्रकार बेहतर तरीके से करते आ रहे हैं। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए जाने वाले योगदान को सराहा और कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे,सदभाव और गिले शिकवे दूर करने का पर्व है। भुजरियां का जो पर्व है वह हमे यही संदेश लेकर आता है, ऐसे पर्वों को प्रमुखता से मनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने सभी पत्रकारों का सम्मान किया और भुजरिया देकर पर्व मनाया। इस मौके पर पार्षद योगेश खैरा, वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेश तारई, कपिल साहू, आदि उपस्थित थे।

लोगों ने प्रतिक्रियाओं में कहा- संग्राम यह घनघोर है, कुछ मैं लड़ूं, कुछ तुम लड़ो

सिक्स फोर लेन मार्ग को लेकर सोशल मीडिया पर छाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सिक्स फोर लेन मार्ग को अशोकनगर से निकाले जाने की मांग जिले भर के सारे विधायक भाजपा जिला अध्यक्ष और अशोकनगर नगरपालिका अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से कर चुके हैं लेकिन यह फोर लेन मार्ग का लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और इसे अशोकनगर से न निकाले जाने की तैयारी कर ली गई है। जब इस खबर को हरिभूमि ने प्रकाशित किया तब सोशल मीडिया पर यह खबर चर्चा का विषय बनी है अनेक लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस मार्ग को अशोकनगर से ही निकाला जाए और इसकी लंबी लड़ाई लड़ी जाए।



किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं होगी

चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश मिश्रा ने लिखा है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय को फोर लेन से एवं सिक्स लेन हाईवे से कनेक्ट किया जाना यह अशोकनगर जिला वासियों का अधिकारी है जिसे पूरा किया ही जाना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की कोई कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां तक जनप्रतिनिधियों का सवाल है वह जिले के विकास में अपनी भूमिका निभाएं और क्षेत्र के सांसद और केन्द्रीय मंत्री को इतना बाध्य कर दें कि अशोकनगर जिला विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाए।

नेशनल हाईवे न होने से उद्यमी नहीं ले रहे हैं रूचि

अशोकनगर जिला मुख्यालय से एक भी नेशनल हाइवे नहीं निकला है न ही लंबी दूरी की यात्री ट्रेने हैं जिनकी खासतौर से जरूरत है, इनके अभाव में अशोकनगर जिले में कोई भी उद्योग आने जाने के संसाधन नहीं होने के कारण उद्योग लगाने में उद्यमी कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। किसी भी जिले का विकास उस जिले में अच्छे सड़क मार्ग और रेल मार्ग की सुविधाओं पर ही निर्भर हैं अगर यह सुविधाएं नहीं हैं तो जिले का विकास भी प्रभावित हो रहा है। ऐसी स्थिति में सिक्स फोर लेन मार्ग का मामला अशोकनगर जिले में तूल पकड़ रहा है। यह मार्ग ग्वालियर से नागपुर,ग्वालियर शिवपुरी, अशोकनगर होते हुए निकाला जाना था किन्तु इसे गुना से डायवर्ट किया जा रहा है जबकि जिले की जनता और जनप्रतिनिधि अशोकनगर जिले से निकालने की मांग कर रहे हैं इस मुद्दे को लेकर हरिभूमि की खबर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही है।

यह अशोकनगर के भविष्य, व्यापार और रोजगार का सवाल है

इस मुद्दे को लेकर पंडित रामकुमार शर्मा ने कहा है कि जब तक लड़ेगें नही तब तक जीतेगें नहीं , यह सिर्फ एक मांग नहीं अशोकनगर के भविष्य, व्यापार और युवाओं के रोजगार का सवाल है क्षेत्र के बड़े नेताओं की इच्छा शक्ति को जगाने के लिए अब जन आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है।

जिला पिछड़े होने का कारण ही नेशनल हाईवे का न होना है

सेवा निवृत्त शिक्षक शिखर जैन बड़कुल ने लिखा है कि अशोकनगर क्षेत्र पूरी तरह से पिछड़ा हुआ है, जबकि शिवपुरी, गुना में पहले से ही फोर लेन मौजूद है ऐसी स्थिति में अशोकनगर से नेशनल हाईवे निकाला जाना चाहिए, यह अशोकनगर की जनता का अधिकार है।

राजनीति से ऊपर उठकर आवाज उठाएं

नसीर खान ने कहा है कि जिले के विकास के मामले में अब चुप नहीं बैठना है सभी जनप्रतिनिधि और आम जनता दल गत राजनीति से ऊपर उठकर एक सुर में सिक्स लेन हाईवे की मांग को विधानसभा से लोकसभा तक पहुंचाएं। जब तक हम सभी मिलकर आवाज नहीं उठाएगें तब तक हमारा हक हमें नहीं मिलेगा।

जिले का विकास केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की रूचि पर निर्भर

इसी तरह जितेन्द्र रघुवंशी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि सभी जनप्रतिनिधियों ने यह मांग की है और परिवहन मंत्रालय को पत्र भी लिखे हैं लेकिन हमारे सांसद ने इस विषय में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसी तरह अरबिंद रघुवंशी जलालपुर ने कहा है कि भाजपा के सभी नेताओं को ध्यान दिए जाने की जरूरत है, निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जिले के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। इस तरह की प्रतिक्रियाएं अन्य लोगों ने भी दी हैं।

सकल हिंदू समाज ने मनाया भुजरिया पर्व

सभी समाजों के प्रमुखों के साथ मनाया स्नेह व सम्मान का पर्व, 60 परिवारों के घर पहुंचकर दी भुजरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सकल हिंदू समाज द्वारा भुजरिया पर्व परंपरागत उत्साह, स्नेह और सामाजिक समरसता के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने विभिन्न समाजों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों के साथ भुजरिया का स्नेह एवं सम्मानपूर्वक आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, उपाध्यक्ष विकास जैन बल्ली, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, हेमंत, गोपाल सिंह लोधी, डॉ. जयमंडल सिंह यादव, डॉ. हरबीर रघुवंशी, डॉ. राजकुमार शर्मा, हरिओम शर्मा, ओमप्रकाश धुरेटे सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

इसके पश्चात सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता और संवेदना की अनूठी मिसाल पेश करते हुए उन परिवारों के घर पहुंचकर भुजरिया भेंट की, जिनके परिवार का कोई सदस्य परिवार को छोड़कर इस दुनिया से चला गया और जिनके घर में सावन के दौरान शोक रहा। ऐसे विभिन्न समाजों के लगभग 60 परिवारों के घर जाकर भुजरिया दी गई तथा परिवारजनों को सांत्वना देते हुए उनके सुख-दुःख में साथ खड़े रहने का संदेश दिया गया। सकल हिंदू समाज द्वारा वाल्मीकि समाज, ओझा समाज, लोधी समाज, ब्राह्मण समाज, कुशवाहा समाज, रघुवंशी समाज, सोनी समाज, सुमन समाज, यादव समाज, अहिरवार समाज सहित विभिन्न समाजों के परिवारों में पहुंचकर भुजरिया भेंट की गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि भुजरिया पर्व केवल परंपरा और उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक समरसता और सुख-दुःख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने का संदेश देने वाला पर्व है। अपने गिले शिकवे दूर करने का पर्व है सकल हिंदू समाज का उद्देश्य सभी समाजों को साथ लेकर चलना और जरूरत के समय प्रत्येक परिवार के साथ खड़ा रहना है। इस पहल की समाजजनों ने सराहना करते हुए कहा कि भुजरिया पर्व के माध्यम से सकल हिंदू समाज ने सामाजिक एकता और संवेदनशीलता का सकारात्मक संदेश दिया है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी आशू शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव पाल और जगन्नाथ पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आशू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पहाड़ा निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इमरत सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेपरी निवासी राजकुमारी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मणसिंह, नेपाल गोलू, नन्ने सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी अभिषेक रेकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप और नरेश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोंतेर निवासी आशीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडेरा निवासी राघवेन्द्र पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशीष पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावंसर जागीर निवासी माधोसिंह शिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश, बटरू, दीपक और गोलू आदिवासी ने उससे कुल्हाड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी सीमा बाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याणसिह, बोबी और अवधेश रघुवशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अवधेश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रघुवीर,विशाल और सीमा रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इकोदिया निवासी नारायण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू, चन्द्रेश और हरिशंकर साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हरिशंकर साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नारायण अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

लेटरल एंट्री (12जी गणित) से द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज,अशोकनगर में सत्र 2026-27 के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्रों के प्रथम वर्ष में प्रवेश एवं कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के पूर्व राउंड की समाप्ति के उपरांत तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) ने अक और मौका दिया है।

खाली सीटें भरने डीटीई ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग का अतिरिक्त कार्यक्रम जारी किया है। विद्यार्थी 20 अगस्त से 14 सितम्बर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे तथा तय तारीखों में कॉलेज में पहुचकर उपलब्ध सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सीएलसी रांउड से प्रवेश प्राप्त करने हेतु दिनांक 22, 24, 27, 29 और 31 अगस्त के अलावा



2,5,8,10,12 और 14 सितम्बर तक संस्था में काउंसलिंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंको के आधार पर एवं लेटरल एंट्री से कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में किया जायेगा। इच्छुक छात्र सीएलसी राउंड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराके उपरोक्त तिथियों में संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते है। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओ में शेष बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रदान किया जा रहा है। उक्त प्रक्रिया सीटों के रिक्त रहने पर 14 सितंबर तक संचालित की जावेगी।

जर्जर घोषित लेकिन गिराने में लापरवाही दिखा रहा शिक्षा विभाग

हद है....एक वर्ष से हवा में झूल रहे इकोदिया विद्यालय के दो कमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अषोकनगर

क्षेत्र के इकोदिया गांव के षासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर के दो कमरे बीते एक वर्ष से फर्ष के नीचे से मिट्टी का कटाव हो जाने के कारण केवल पिलरों के सहारे हवा में झूल रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने एहतियातन इन कमरों में कक्षाओं का संचालन तो बंद कर दिया है लेकिन स्कूली षिक्षा विभाग इन कमरों को गिराने में बीते एक वर्ष से लापरवाही बरत रहा है। इधर, हवा में झूल रहे यह कमरे बगल में बसी आदिवासी बस्ती के दो दर्जन से अधिक परिवारों पर खतरा बने हुए हैं। रविवार को इन जर्जर कमरों के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। जिन्हे सड़क से गुजर रहे कुछ लोगों ने हटाया और इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु भार्गव से बात की। प्रधानाध्यापक का कहना था कि हमने कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया है। कमरों को गिराने के लिए बीआरसीसी कार्यालय में पत्र भी दे चुके लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



समूचा परिसर उपेक्षा और बदहाली का षिकार

इकोदिया माध्यमिक विद्यालय में कमियों का भंडार है। इस परिसर के मुख्य द्वार के आगे मवेषी बंधे रहते हैं। मुख्यद्वार से सटकर ही भवन निर्माण सामग्री के ढेर लगे हैं और नुकीला सरिया पड़ा हुआ है। अंदर परिसर के हाल भी कुछ ठीक नहीं है। कहीं पानी भरा हुआ है तो कहीं गेट लटक रहे हैं। यह परिसर लंबे समय से उपेक्षा एवं बदहाली का षिकार है। जबकि परिसर के अंदर तमाम षासकीय भवन हैं। प्रधानाध्यापक विष्णु भार्गव यहां लंबे समय से पदस्थ हैं, बताया गया है कि उनके द्वारा विद्यालय परिसर के सुधार के लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

क्या कहना है इनका

यह सही है कि इकोदिया विद्यालय परिसर के दो कमरे जर्जर हैं और उन्हे गिराया जाना है। इस संबंध में हमने पूर्व में भी जिला षिक्षा केन्द्र पर प्रस्ताव भेजा था और दोबारा भी भेज रहे हैं।
कपिल जाटव उपयंत्री, ब्लॉक षिक्षा केन्द्र मुंगावली।

ग्राम बमुरिया नई में पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न, व्यसन मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्राम बामुरिया नई में अखण्डदीप शताब्दी एवं माताजी भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष की यज्ञ बेला के अंतर्गत पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ का संचालन टोली नायक रमेशचंद्र शर्मा एवं उनके




सहयोगी अजय रघुवंशी द्वारा वैदिक रीति-नीति से कराया गया। विशेष रूप से यह आयोजन आदिवासी बस्ती में किया गया, जिसमें स्थानीय समुदाय के परिजनों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ महायज्ञ में आहुतियां प्रदान कीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर सिंह रघुवंशी, नाथन आदिवासी, नर्मदा ओझा, दिनेश बिथरे, अशोक रघुवंशी, अर्जुन रघुवंशी, बैजनाथ साहू, राजकुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश रघुवंशी और चंद्रभान सिंह राजू आदिवासी,चंदू आदिवासी, कल्ला रघुवंशी सहित कई वरिष्ठ परिजनों का योगदान रहा। ग्राम के सरपंच रणजीत रघुवंशी का विषेश योगदान रहा। इस दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे ग्राम में जनजागरण हेतु सदवाक्यों का दीवार लेखन भी किया गया। यज्ञ के अंत में टोली नायक द्वारा समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए व्यसन मुक्ति का संदेश दिया गया।

चंदेरी के पीड़ितों को झांसे में लेने के लिए भेजे फर्जी निरीक्षण के वीडियो

चंदेरी से उठी फर्जी आएएस तृप्ति राजपूत की चिंगारी से भोपाल तक हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ऐतिहासिक किला कोठी से शुरू हुआ फर्जी आईएएस अधिकारी तृप्ति राजपूत सिंह का कारनामा अब पूरे मध्यप्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। फर्जी अफसर बनकर लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाने वाली तृप्ति और उसके भाई की करतूतों की चिंगारी अब अशोकनगर से निकलकर राजधानी भोपाल तक पहुँच चुकी है। भोपाल के एक थाने में तृप्ति के खिलाफ 39 लाख रुपये की ठगी का नया मामला दर्ज किया गया है,जिसके बाद पुलिस और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।





अकेली नहीं, पूरा फर्जी अफसरों का गिरोह उच्च स्तरीय जांच की मांग

सूत्रों का मानना है कि तृप्ति इस पूरे नेटवर्क की अकेली मास्टर माइंड नहीं है। उसके साथ अन्य लड़कियां भी शामिल हैं, जिन्हें वह फोटोशूट और वीडियो शूट के लिए अपने साथ बैचमेट अधिकारी बताकर ले जाती थी। भारत सरकार लिखी गाड़ी, फर्जी स्टेनो, नकली सुरक्षाकर्मी और ट्रेनिंग सेंटर की तस्वीरों का यह संयोजन किसी संगठित गैंग की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों और बुद्धि जीवियों का मानना है कि यदि भोपाल और चंदेरी पुलिस मिलकर इस मामले की बारीकी से गहन पूछताछ और उच्च स्तरीय जांच एसआईटी करें, तो प्रदेश भर में सक्रिय फर्जी अधिकारियों के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ हो सकता है।

कलेक्टर मैडम आई हैं गांव में मुआयना और चंदेरी साड़ी का प्रेजेंटेशन

तृप्ति राजपूत के फर्जीवाड़े का शिकार हुए चंदेरी के पीड़ितों जिनसे 9 लाख 80 हजार रुपये ऐंठे गए को भेजे गए दो वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिन्होंने इस हाई-टेक ठगी की पोल खोलकर रख दी है पहला वीडियो गांव का निरीक्षण चमचमाती साड़ी पहने तृप्ति दो हथियारबंद फर्जी पुलिसकर्मियों सुरक्षाकर्मियों और स्टेनो के साथ गांव में पानी भर रही महिलाओं के बीच पहुंचती है। बैकग्राउंड में उसका सहयोगी चिल्लाकर कहता है कलेक्टर मैडम आई हैं। वह पीड़ितों से बातचीत करती है और पूरा ड्रामा रिकॉर्ड करवाती है, ताकि अन्य मासूमों को खुद के असली आईएएस होने का भरोसा दिला सके। दूसरा वीडियो (चंदेरी साड़ी का प्रेजेंटेशन) दूसरे वीडियो में तृप्ति एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का ढोंग रचते हुए चंदेरी की विश्व प्रसिद्ध साड़ियों का आधिकारिक प्रेजेंटेशन देती दिख रही है, जिससे वह प्रशासनिक कार्यक्रमों में अपनी पहुंच साबित कर सके। ट्रेनिंग सेंटर की फोटो एक अन्य तस्वीर में तृप्ति किसी ट्रेनिंग सेंटर के भीतर महिला अफसर के साथ फोटो खिंचवाती दिख रही है, जिसे वह अपना बैचमेट बताती थी।

रक्षाबंधन से पहले सलाखों के पीछे, सख्त कानूनी शिकंजे की जरूरत

रक्षाबंधन के ठीक ऐक दिन पहले चंदेरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तृप्ति सिंह, उसके भाई और भारत सरकार लिखी कार चलाने वाले ड्राइवर को गिरफ्तार कर अशोकनगर जेल भेज दिया है। हालांकि, पीड़ितों और आम जनता के बीच अब भी यह चिंता है कि यदि आरोपियों को आसानी से जमानत मिल गई, तो वे जेल से बाहर आकर दोबारा निर्दोष लोगों को अपना शिकार बनाएंगे। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पुलिस को तृप्ति और उसके गिरोह पर ऐसी कड़ी और गैर-जमानती धाराओं (जैसे धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, और सरकारी पहचान का दुरुपयोग) के तहत केस मजबूत करना चाहिए, ताकि पीड़ितों से राजीनामा करने के बाद यह शातिर ठग सलाखों के पीछे ही रहें।

बॉलीवुड स्टार्स की पसंद किला कोठी बनी ठिकाना

तृप्ति सिंह की ठसक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह चंदेरी के उसी लग्जरी होटल किला कोठी में रुकती थी, जहाँ स्त्री और सुई-धागा जैसी फिल्मों की शूटिंग के दौरान बॉलीवुड सितारे श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और अनुष्का शर्मा ठहरे थे। इसी वीआईपी प्रोफाइल का रौब दिखाकर वह लोगों को अपने जाल में फंसाती थी।

सिविल अस्पताल की लापरवाही की हदें पार, परिजन शव को घर ले जाने तड़पते रहे

5 किमी की दूरी, 3 घंटे की ड्रामा बाजी, पंचर का बहाना बनाकर बस स्टैंड पर घूमता रहा शव वाहन चालक





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

स्थानीय सिविल अस्पताल से मानवता को शर्मसार कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजन शव को घर ले जाने के लिए तड़पते रहे वहीं दूसरी ओर शव वाहन का ड्राइवर घंटे भर शहर में तफरी मारता रहा। शनिवार रात ब्यावरा बरखेड़ा निवासी वैजन्ती अहिरवार की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें रात करीब 9 बजे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुँचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले दिन रविवार सुबह 8:30 बजे पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को उम्मीद थी कि अब वे सम्मानपूर्वक शव को घर ले जा सकेंगे लेकिन असली प्रताड़ना तो इसके बाद शुरू हुई।

झूठ की झड़ी 5 किलोमीटर जाने में लगे 3 घंटे

पोस्टमार्टम के बाद सुबह 8:30 बजे शव वाहन का ड्राइवर बंटी कटारियाखेड़ी निवासी राहुल सौंधिया छोड़ने निकला था। अस्पताल से कटारियाखेड़ी की दूरी महज 5 किलोमीटर है लेकिन ड्राइवर बंटी 3 घंटे तक गायब रहा। सुबह 9:30 बजे परिजनों ने फोन किया तो बंटी ने बोला कि अभी में शव छोड़ने आया हूँ यहाँ लोग गाड़ी से को शव उतार नहीं रहे हैं। 15-20 मिनट में आता हूँ। सुबह 10:00 बजे 1 घंटा बीतने पर परिजनों ने दोबारा संपर्क किया तो बंटी ने बोला कि अभी गाड़ी का टायर पंचर हो गया है पंचर बनवाकर आ रहा हूँ। सुबह 11:00 बजे तक ड्राइवर पंचर जुड़वाने का ही ड्रामा रचता रहा और परिजन अस्पताल में बेबस खड़े रहे।

खाकी को भी दे डाला चकमा, सायरन बजाकर घूमता रहा शहर में

हद तो तब हो गई जब परिजनों ने बंटी को सायरन बजाते हुए अस्पताल की तरफ से तहसील कार्यालय की ओर तेज रफ्तार में जाते देखा। पूछने पर फिर वही रटा-रटाया जवाब दिया कि किसी और शव को छोड़ने जा रहा हूँ।हैरानी की बात यह है कि सुबह 11:30 बजे बंटी शव वाहन को लेकर बस स्टैंड पर सरेआम घूमता देखा गया।पुलिस ने बंटी को फोन लगाया तो उस बेखौफ ड्राइवर ने पुलिस के सामने भी वही टायर पंचर का घिसा-पिटा बहाना दोहरा दिया। आखिरकार परिजनों को अपने निजी वाहन से शव को ले जाना पड़ा अपने गांव बरखेडा।

पोस्टमार्टम के नाम पर सामान मंगवाने का गंभीर आरोप

अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल यहीं खत्म नहीं होते। परिजनों ने डॉक्टरों पर भी बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम करने के लिए उनसे बाजार से 3 डिब्बे और 3 से 4 मीटर काली पन्नी मंगवाई। सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर परिजनों से सामान मंगवाना और फिर शव वाहन चालक का यह असंवेदनशील रवैया अस्पताल प्रबंधन पर कई बड़े सवाल खड़े करता है। पीड़ित परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों और मनमानी करने वाले शव वाहन चालक बंटी पर तत्काल और कड़ी से कड़ी सख्त कार्रवाई की जाए!

इनका कहना है

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है मामले की मैं अभी जांच करवाता हू, इसमें ड्राइवर के अलावा जिनके द्वारा भी लापरवाही की गई होगी उन पर कार्रवाही की जाएगी।

- गिरीश कुमार मिश्रा
कलेक्टर राजगढ़।

गो-सेवकों की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

लखनवास रोड पर गोवंश से भरी पिकअप पकड़ी 4 बछड़े बरामद कर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

मलावर थाना क्षेत्र के लखनवास रोड पर एक गौ वंष से भरा पीकअप वाहन को गौ सेवकों के सहयोग से पुलिस ने पकड़ी है। पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 12 जेडके 4206 जप्त किया जिसमें 4 गाय-बछड़े (गोवंश) हाथ-पैर बांधकर क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। शनिवार रात करीब 10:30 बजे सहायक उप निरीक्षक मनोहर साहू हमराह स्टाफ देवीसिंह, प्रेमसिंह, दीपक व्यास, सैनिक राहुल शर्मा के साथ इलाके में भ्रमण पर ग्राम आगर पहुंचे थे। तभी लखनवास के गौ-सेवकों से सूचना मिली कि कुंडिखेड़ा लखनवास की तरफ से एक पिकअप गौवंश भरकर ब्यावरा की तरफ जा रही है। सूचना की तस्दीक के लिए गौ-सेवकों को साथ लेकर चैकी प्रभारी राजू वर्मा लखनवास-मलावर रोड, ग्राम सुंदरपुरा पर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद कुंडिखेड़ा तरफ से आती पिकअप को चेक किया तो उसमें 4 गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे मिले।


आरोपियों से खलेंगे क्षेत्र में सक्रिय गो तस्करों के राज

इस मामले में पीकअप वाहन के साथ पकड़े गए आरोपी में सोनू पिता मांगीलाल यादव, जिला खंडवा, जितेन्द्र बडोले पिता एलान सिंह, जिला खंडवा और दुधराम देवडे पिता केरू देवडे, जिला बुरहानपुर शामिल है। इसमें पकड़े गए आरोपियों का कहना है क्षेत्र का एक अज्ञात व्यक्ति हमारे संपर्क में था उसके कहने पर हम यहां आते हैं। वह हमसे एक मोटी रकम के बदले यहा से यह काम करवाते है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ म.प्र. गौ-वंश वध,क्रूरता प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गौवंश व वाहन को जप्त कर लिया है।

पुलिस कर रही नेटवर्क की जांच

पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इन तस्करों को क्षेत्र में कौन बुलाता है और किसके इशारे पर ये लोग यहां गो-तस्करी करने आते हैं। पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। आरोपियों ने बताया कि सबसे ज्यादा गौ तस्कर राजगढ़ जिले से ही हमे करवाया जाता है।

गो-सेवकों ने की गोशाला शुरू करने की मांग




इधर गो-सेवकों का कहना है कि हमारे क्षेत्र से गौ-तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौ-माता हमारे क्षेत्र की शान है। सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों के कारण ही तस्कर उन्हें आसानी से उठा ले जाते हैं और आए दिन एक्सीडेंट भी होते हैं। ऐसे में हमारे क्षेत्र में एक बड़ी गौ शाला खोली जाना चाहिए। नहीं तो अब गौ सेवकों के द्वारा उनकी रक्षा के लिए आंदोलन किया जाएगा। साथ ही आरोपियों पर उचित कार्रवाही की जाए। गौ-सेवकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर घूम रही गायों को सुरक्षित आश्रय दिया जाए। लखनवास ,संवासी बल्डी स्थित गौशाला लंबे समय से खाली पड़ी है। उसे तत्काल चालू कर बेसहारा गौवंश को वहां रखा जाए, ताकि तस्करी और सड़क हादसों दोनों से बचाव हो सके।

इनका कहना है

हम इसमें उचित जांच कर कार्रवाई करेंगे जो लोग इसमें सम्मिलित होंगे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। हमारे थाने क्षेत्र में गो तस्करी बर्दास्त नहीं की जाएगी।

रजनेश सिरोटीया,
थाना प्रभारी मलावर

तिलभांडेश्वर शिवधाम में सावन महोत्सव का समापन, कन्या-ब्राह्मण भोज कराया



सारंगपुर। मालवा की पुण्यधरा सारंगपुर के नगर सेठ कहे जाने वाले अति प्राचीन तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के दौरान आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। हर तरफ 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। तिलभांडेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा पिछले 30 वर्षों से सावन माह में प्रतिदिन रुद्राभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी सावन माह में प्रतिदिन तड़के 4 बजे मंदिर के कपाट खुलने के साथ श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो जाता था। सुबह 5:30 बजे होने वाली मंगला आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रविवार को पंडित गोकुल प्रसाद शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं हवन की पूर्णाहुति कराई गई। इसके बाद कन्याओं और ब्राह्मणों को विधि-विधान से भोज कराया गया। महाआरती के पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

देव बरखेड़ी धाम जा रहे पदयात्रियों के लिए कानरखेड़ी के युवाओं ने लगाया शिविर, निस्वार्थ भावना से सेवा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

लोक देवता भगवान श्री देवनारायण के प्रसिद्ध धाम 'देव बरखेड़ी' के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का अद्भुत नजारा इन दिनों सड़कों पर देखने को मिल रहा है। लगभग 100 किलोमीटर के दायरे से आने वाले लाखों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पैदल और वाहनों से प्रत्येक दूज पर धाम पहुंच रहे हैं। आस्था के इस पावन सफर में भक्तों की थकान मिटाने और उनकी सेवा करने का बीड़ा ग्राम कानरखेड़ी के ग्रामीणों और युवाओं ने उठाया है। ग्राम कानरखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा पिछले दो वर्षों से सावन के पवित्र महीने में प्रत्येक दूज पर देव बरखेड़ी से कुछ ही दूरी पर निस्वार्थ भाव से लंगर व



सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मार्ग से गुजरने वाले हर पदयात्री और वाहन सवार श्रद्धालु का स्वागत आदर-सत्कार के साथ किया जाता है। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, गर्मागर्म चाय और पौष्टिक नाश्ते की उत्तम व्यवस्था की जाती है।

युवा शक्ति का सराहनीय योगदान

इस पुनीत कार्य में गांव के युवा वर्ग की भूमिका सबसे प्रमुख और प्रेरक है। युवा दिन-रात एक कर व्यवस्थाओं को संभालते हैं। कोई चाय बनाने की जिम्मेदारी निभाता है, तो कोई रास्ते में खड़े होकर पदयात्रियों को सम्मानपूर्वक शिविर तक लाकर जलपान कराता है। ग्रामीणों का कहना है कि भगवान देवनारायण के भक्तों की सेवा करने से जो आत्मिक शांति और पुण्य मिलता है, वही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। गांव और युवाओं के ऊर्जावान सहयोग से यह सेवा शिविर अब एक परंपरा का रूप ले चुका है। लंबी दूरी तय कर आ रहे श्रद्धालुओं ने कानरखेड़ी के ग्रामीणों और युवाओं के इस सेवा भाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यात्रियों का कहना है कि घंटों के थका देने वाले सफर के बाद युवाओं का यह आत्मीय सत्कार उनकी पूरी थकान मिटा देता है और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की शक्ति देता है।

प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की पहल युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



खुजनेर। ग्राम विकास समिति बाबल्दा के तत्वावधान में रविवार को गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव की गलियों और नालियों की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया गांव के नवयुवकों ने पहल करते हुए संकल्प लिया कि बाबल्दा को प्लास्टिक मुक्त गांव बनाया जाएगा। समिति द्वारा इस अभियान को लेकर अब तक दो बार टोली की बैठक आयोजित की जा चुकी है। आगामी दिनों में एक बड़ी बैठक आयोजित कर अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी समिति के अनुसार इसके बाद डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसमें गांव की मातृशक्ति, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं को प्लास्टिक कचरा खुले में नहीं डालने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही गांव के प्रमुख चैराहों पर बड़ी डस्टबिन रखी जाएंगी, ताकि ग्रामीण अपने घरों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को निर्धारित स्थान पर डाल सकें समिति का उद्देश्य ग्रामीणों की सहभागिता से गांव में स्वच्छता की स्थायी व्यवस्था बनाना और प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान को कम करना है सफाई अभियान में समिति के गजराज सिंह, मुकेश फौजी, डॉ. अंतरसिंह, भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह, हेमसिंह, सेक्रेटरी मोहन, सेक्रेटरी दीपक, दिनेश, गोलू और गोपाल सहित गांव के नवयुवक उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन के दूसरे दिन बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़

बसों में किराया दोगुना, सुविधाएं शून्य व दोगुने यात्री, जान जोखिम में डालकर सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बसों का किराया बढ़ाकर सरकार ने यात्रियों की जेब पर बोझ तो बढ़ा दिया, लेकिन यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक सफर मिले, इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में बस किराए में दोगुनी तक बढ़ोतरी के बाद रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को सारंगपुर से विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों में ओवरलोडिंग की स्थिति देखने को मिली। 40 से 50 सीटर बसों में 60 से 100 तक यात्री सवार नजर आए। सारंगपुर से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, कुरावर, शुजालपुर, संडावता सहित अन्य रूटों पर चलने वाली बसों में सीटें भरने के बाद यात्रियों को गलियारों और गेट के पास



खड़े होकर सफर करना पड़ा। कई यात्री दरवाजे पर लटककर यात्रा करते दिखाई दिए। बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। इसके बावजूद बसें सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ती रहीं।

महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी

भीड़ का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ा। कई महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर घंटों खड़ी रहीं। एक महिला यात्री ने बताया कि पूरा किराया देने के बावजूद उन्हें सीट नहीं मिली। उनका आरोप था कि बस में इंदौर जाने वाले यात्रियों को सीट दी गई, जबकि अन्य यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा।

ब्यावरा बस हादसे के बाद भी नहीं दिखी सख्ती

शुक्रवार सुबह ब्यावरा में तेज रफ्तार बस हादसे में चार यात्रियों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना के अगले ही दिन सारंगपुर में ओवरलोड बसें तेज रफ्तार से दौड़ती नजर आईं। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन अमले की सक्रियता दिखाई नहीं दी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि किराया बढ़ाने के साथ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी कौन

रेलवे स्टेशन पर भी रही भारी भीड़

बसों में जगह नहीं मिलने और बढ़े किराए के बीच कई यात्रियों ने रेल यातायात का सहारा लिया। सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की भारी भीड़ रही। इंदौर-कोटा और नागदा-बीना सहित अन्य ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्रियों ने सफर किया। ट्रेनों में भी यात्रियों को भीड़ के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

किराया बढ़ा तो सुविधाएं क्यों नहीं?

ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता लखन धनगर ने कहा कि किराया बढ़ाने के बावजूद यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बस ऑपरेटरों के हित में किराया बढ़ाया गया, लेकिन यात्रियों के हितों का ध्यान नहीं रखा गया। मनमाने किराए के बावजूद यात्रियों को क्षमता से अधिक संख्या में बसों में भरा जा रहा है और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। मामले में आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

लववंशी समाज ने धूमधाम से मनाई आराध्य लव-कुश की जयंती

चल समारोह निकाला, माता सीता की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

माचलपुर। लववंशी समाज द्वारा रविवार को अपने आराध्य भगवान लव-कुश की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के गुलाब गार्डन में समाजजनों का बड़ी संख्या में एकत्रीकरण हुआ। यहां से भगवान लव-कुश की भव्य झांकी के साथ विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। चल समारोह में भगवान लव-कुश की माता सीता के साथ आकर्षक झांकी सजाई गई थी, जो लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। भगवान का विमान भी विशेष रूप से सजाया गया था। वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर धार्मिक भावनाओं के साथ चल समारोह में शामिल हुईं। भक्ति और उत्साह से सराबोर चल समारोह में युवक-युवतियां भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। ढोल-डीजे और भजनों की गूंज से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। समाजजनों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।



जगह-जगह हुआ स्वागत

गुलाब गार्डन से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। मार्ग में नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान लव-कुश की झांकी का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्वागत के दौरान लोगों ने धार्मिक जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। चल समारोह में शामिल समाजजनों ने पारंपरिक एवं धार्मिक उत्साह के साथ भगवान लव-कुश के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के दौरान समाज की एकजुटता और भाईचारा भी देखने को मिला।

'मन की बात' का 137वां एपिसोड, भाजपाइयों व नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

स्थानीय वार्ड क्रमांक 7 स्थित बूथ क्रमांक 74 पर भाजपा कार्यकर्ता अशोक सिंह सेन के निवास पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री जी ने भारत के गौरवशाली इतिहास को तकनीक के माध्यम से युवाओं और विद्यार्थियों तक सरलता से पहुँचाने, 'नशा मुक्त भारत' एवं 'नशा मुक्त युवा' अभियान को गति देने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले नागरिकों के प्रेरणादायी प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने आधुनिक खेती, स्वरोजगार के नए अवसरों और महिलाओं की विशिष्ट उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' यह संदेश देती है कि राष्ट्र का समग्र विकास केवल शासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता, सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वहीं शहर के मतदान केंद्र क्रमांक 299पर प्रमोद सक्सेना के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 137वें एपिसोड का रविवार को प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नशामुक्त भारत अभियान, तिरंगा अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, आत्मनिर्भर भारत सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने आगामी 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की शताब्दी मनाए जाने का उल्लेख किया। वहीं 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाने की बात कही। सितंबर माह में भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाए जाने का भी उल्लेख किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि इन्दरसिंह लववंशी, बूथ अध्यक्ष संदीप अहिरवार, बूथ महामंत्री पंडित गोलू शर्मा, बूथ क्रमांक 75 अध्यक्ष भरत यादव सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

गोशाला सम्मेलन स्थल पर किया गया पौधरोपण

पौधरोपण कार्य न केवल समाज हित में बल्कि स्वयं और प्रदेश व राष्ट्र के हित में भीः पूर्व राज्यमंत्री यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

समीपस्थ ग्राम निवानिया में रविवार को यादव समाज द्वारा श्री अहीर यादव वंशी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट उज्जैन और ग्राम पंचायत निवानिया के सहयोग से श्री नारायण गौषाला परिसर और सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने अपने उद्बोधन में यादव समाज द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्य प्रशंसा करते हुए सभी लोग अपने-अपने स्तर से इस प्रकार के वृक्षारोपण के कार्यक्रम जारी रखें। यह कार्य के न केवल समाज के हित में है बल्कि

स्वयं और प्रदेश एवं राष्ट्र के हित में भी है उन्होंने सामाजिक एकता पर पुरजोर समर्थन करते हुए समाज विकास के कार्यों में सबको





सहयोग करने की अपील की।

उक्त कार्यक्रम श्री अहीर यादव वंशीय राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट उज्जैन के सहयोग से तथा ग्राम पंचायत निवानिया के सहयोग से समाज के सभी वरिष्ठ युवा मंडल, नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान यादव धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल यादव, कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी समाज के बीच में रखी। उन्होने ने बताया कि उज्जैन ट्रस्ट द्वारा पूरे प्रदेष में यादव समाज के बीच में इस प्रकार की ओर भी अन्य गतिविधिया चलाई जाती है। जिससे समाज के बीच में पनप रही मृत्यु भोज जैसी कुरीतिया दूर हो सके। इस अवसर पर यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, यादव समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव, पुरुषोत्तमयादव करनवास, गुलाबसिंह यादव बोडा,, सरपंच रमेश यादव तलावली, सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेडी, रमेष यादव भाटखेड़ी, राधेष्याम यादव सीलखेड़ा, सरपंच लखन यादव निवानिया, जनपद सदस्य लखन यादव निवानिया, पूर्व सरपंच जगदीष यादव बरखेड़ा, गोकल यादव, उपसरपंच सत्यनारायण यादव, रमेश यादव, संजय यादव, कमल यादव, छगन यादव, सुखराम भगतजी, जितेन्द्र जीत यादव, भगवानसिंह यादव गिंदौरहाट, राजेष यादव बरखेड़ा, यषवंत यादव, अषोक यादव चमारी सहित बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।